जब तक हो मैया जीवन मेरा भजन लिरिक्स

जब तक हो मैया जीवन मेरा,
छूटे कभी ना ये आँगन तेरा,
तेरी सेवा में हो अर्पण,
तन मन मेरा,
जब तक हो मईया जीवन मेरा,
छूटे कभी ना ये आँगन तेरा।bd।

तर्ज – झिलमिल सितारों का।

इतनी किरपा करना,
हरदम इस लायक रह पाऊं मैं,
जब चाहे ये दिल मेरा,
माँ तेरे मंदिर आऊं मैं,
जी भर करूँ माँ दर्शन तेरा,
छूटे कभी ना ये आँगन तेरा,
जब तक हो मईया जीवन मेरा,
छूटे कभी ना ये आँगन तेरा।bd।

रोज नियम से मैया तेरी,
घर में ज्योत जलाऊं मैं,
पुरे परिवार के संग,
तेरी धोक लगाऊं मैं,
खुशियों से भर देना दामन मेरा,
छूटे कभी ना ये आँगन तेरा,
जब तक हो मईया जीवन मेरा,
छूटे कभी ना ये आँगन तेरा।bd।

अपने सुख दु:ख सारे केवल,
तुम को ही बतलाऊं मैं,
तीज त्यौहार सारे,
तेरे साथ मनाऊं मैं,
छोड़ू कभी ना ये आँचल तेरा,
छूटे कभी ना ये आँगन तेरा,
जब तक हो मईया जीवन मेरा,
छूटे कभी ना ये आँगन तेरा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरी सेवा में ही मेरी,
ये सारी उमर कट जाए,
भूल ना जाऊं तुमको ऐसा,
पल जीवन में ना आए,
'सोनू' वो पल हो अंतिम मेरा,
छूटे कभी ना ये ढाढण तेरा,
जबतक हों दादी जीवन मेरा,
छूटे कभी ना ये ढाढण तेरा।bd।

जब तक हो मैया जीवन मेरा,
छूटे कभी ना ये आँगन तेरा,
तेरी सेवा में हो अर्पण,
तन मन मेरा,
जब तक हो मईया जीवन मेरा,
छूटे कभी ना ये आँगन तेरा।bd।

Singer – Saurabh & Keshav Madhukar

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com